हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 31 दिसंबर 2025

121 10 दिनों तक सुलगती रही मनीषा हत्याकांड...



12 पंचायत की अगुवाई में सीएम, सांसद विधायक...



## खबर संक्षेप

### कार्ड व पोस्टर मेकिंग से बिखेरी सृजनात्मक सोच

**बहल।** बी.आर.सी.एम. ज्ञानकुंज स्कूल, बहल में 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी, भिवानी के निर्देशानुसार तथा ज्ञानकुंज एनसीसी इकाई के प्रभारी जोगेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में नव वर्ष के उपलक्ष्य में कार्ड मेकिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। इस रचनात्मक प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी एनसीसी कैडेट्स ने अत्यंत उल्लास, जोश एवं उत्साह के साथ भाग लिया।

### पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट और पुलिस ने लगाए रिफ्लेक्टर

**भिवानी।** प्रदेश में धुंध और कोहरे का प्रकोप बढने लगा है। कम दृश्यता के कारण सडक़ दुर्घटनाओं के बढ़ते खतरे को देखते हुए पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट और भिवानी ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को एक विशेष सुरक्षा अभियान की शुरुआत की है। अभियान के तहत भिवानी शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और मुख्य मार्गों पर वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए।

### गोलपुरा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**बवानीखेड़ा।** गांव गोलपुरा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य विजय सिंह परमार ने की। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि शमशेर सिंह एसएमसी प्रधान और विशिष्ट अतिथि रमेश कुमार के सान्निध्य में हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डा. हरेंद्र सिंह पुनिया ने बताया कि दिन की शुरुआत योगाभ्यास के साथ हुई।

### सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के दिए टिप्स

**भिवानी।** दुल्हेड़ी स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में मंगलवार से सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर प्राचार्य सतीश कुमार सांगवान के मार्गदर्शन व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जयवीर सोलंकी के नेतृत्व में लगाया गया। शिविर यूथ फॉर माई भारत की विशेष थीम पर आधारित रहा।

### इनेलो कार्यकर्ताओं की जिला स्तरीय बैठक

**तोशाम।** मंगलवार को इंडियन नेशनल लोकदल की जिला स्तरीय एससी सेल तथा किसान सेल की कार्यकर्ता बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह मंजूरा ने की। इस दौरान इंडियन नेशनल लोकदल के जिला भिवानी किसान सेल के जिला अध्यक्ष अजीत बडेसरा ने कहा कि इनेलो पार्टी छोटे से छोटे कार्यकर्ता को भी भरपूर मान-सम्मान देती है।

### कल कर्मी काले बिल्ले लगाकर जताएंगे रोष

**भिवानी।** स्वास्थ्य विभाग कौर कमेटी की बैठक दीपक तंवर की अध्यक्षता में हुई, जिसका संचालन उपप्रधान अजय केहरपुरिया ने किया। कर्मियों की तीन माह की सैलरी नहीं मिलने तथा पोर्टल पर नाम शो नहीं होने की समस्या के बारे में प्रशासन को काफी बार अवगत करवाया जा चुका है।

---

### 3 कॉलोनियां जनवरी तक हो जाएंगी वैध, दूर करवाई जा रहीं आपत्तियां

# जोहड़ों की होगी मैपिंग, कब्जामुक्त जल्द होंगे और सफाई का टेंडर जनवरी तक

**अवैध कॉलोनी पैचों पर जल्द होगी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

नगरपरिषद के पार्षदों की हाऊस मीटिंग में कई मुद्दों पर सहमति बनी। शहर के जोहड़ों पर हो रहे अतिक्रमण को कब्जामुक्त करवाए जाने,अवैध कॉलोनियों के अप्रूवड करवाने, सम्पति प्रमाण पत्र में देरी करने, वैध कॉलोनियों के बीच बचे 40-45 पैच को वैध करवाने सहित अनेक मांग उठाई गई। जिनका नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व डीएमसी गुलजार मलिक ने जवाब दिया। जोहड़ों पर हो रहे अवैध कब्जों को के लिए नगरपरिषद जल्द ही मैपिंग करवाएगी और उन कब्जों को हटवाने की प्रक्रिया शुरू करेगी। जिसके बाद इन तालाबों के सौंदर्यकरण का कार्य शुरू हो जाएगा। दूसरी तरफ कुछ मामलों को एक सप्ताह के भीतर निपटाने तो अवैध कॉलोनियों में से तीन कॉलोनी जनवरी अंत तक तथा बाकी अवैध कॉलोनियों पर लगी





भिवानी। आयोजित बैठक में अपने वार्ड की समस्या रखता एक पार्षद व आयोजित बैठक में नप चेयरपर्सन भवानी प्रताप, डीएमसी के अलावा अन्य। फोटो: हरिभूमि

आपत्ति हटवाने में लगे होने का भरोसा दिलाया। यहां यह बताते चले कि नप के अधिकारियों की लापरवाही के चलते कई बार कॉलोनियों को वैध करने का मसौदा भेजा गया है,लेकिन उनमें कोई न कोई कमी छोड़ने की वजह से ये कॉलोनी वैध नहीं हो पा रही है। करीब 30-35 कॉलोनियों में लोग 30- 40 साल से रह रहे है। इस दौरान नप के पार्षदों के अलावा नप के अधिकारी भी मौजूद रहे।

#### मल्टी प्रपज स्पोर्ट्स हॉल के निर्माण पर बनी सहमति

पार्षदों की आयोजित बैठक में शहर में किसी भी जगह नगरपरिषद द्वारा मल्टी प्रपज स्पोर्टस हॉल के निर्माण करवाए जाने का प्रस्ताव र खा गया। जिस पर सभी पार्षदों ने अपनी सहमति की मोहर लगा दी। उक्त हॉल के लिए जिला प्रशासन नगरपरिषद को कहीं पर जगह उपलब्ध करवाए जो उसके निर्माण का पूरा खर्च नप उठाएगी। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि स्टेडियम में ही जगह मिले तो खिलाड़ियों को फायदा होगा। अब देखना ये है कि प्रशासन नप को उक्त हॉल के निर्माण के लिए कहां पर भूमि उपलब्ध करवाता है। वहीं पर स्पोर्टस हॉल का निर्माण करवा दिया जाएगा।

#### सम्पति प्रमाण पत्र में देरी की बात पार्षदों ने उठाई

इस दौरान एक पार्षद ने बताया कि सम्पति प्रमाण पत्र के करीब 143 केस पेंडिग है। उनको पास नहीं किया जा रहा है। जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस पर इओ से जवाब तलबी हुई और डीएमसी ने एक सप्ताह के भीतर सारे केस हल करने के निर्देश दिए। ताकि सारे नियम व शर्ते पूरी करने के बावजूद उनको सम्पति प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पा रहे है। इसी तरह एक अन्य पार्षद ने नियमित कॉलोनियों के बीच अवैध बचे पैच को वैध करवाया नहीं जा रहा है। शहर में इस तरह के करीब 40-45 केस है। जिनमें न तो रजिस्टर हो रही और न ही लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिल पा रही है। जिससे लोगों को खासी परेशानी सहनी पड़ रही है। इस पर अधिकारियों ने जल्द ही इन समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया।

#### क्या कहते हैं चेयरपर्सन प्रतिनिधि

नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि नप में पार्षदों की बैठक हुई उसमें शहर के सौंदर्यकरण व स्वच्छता को लेकर सुझाव मांगे गए है। साथ ही शहर में एक मल्टी प्रपज स्पोर्टस हॉल के निर्माण करवाए जाने पर सहमति हुई है। प्रशासन इसके लिए भूमि उपलब्ध करवा देगा तो नगरपरिषद हॉल का निर्माण करवा दिया जाएगा। नए साल में भिवानी के सौंदर्यकरण को और पंख लगाएंगे। स्वच्छता में भिवानी अव्वल रहे।

---





भिवानी। अतिथियों के साथ स्वयंसेवक। फोटो: हरिभूमि

### अंतर-विद्यालय कविता पाठ प्रतियोगिता

## प्रतिष्ठा व भाविका ने जीता प्रथम और द्वितीय स्थान

- ‘फिट हलवासिया–फिट इंडिया’ मुहिम के अंतर्गत हुई खेल गतिविधियां व सहभोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हलवासिया विद्या विहार में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन ‘फिट हलवासिया–फिट इंडिया’ अभियान के अंतर्गत खेल गतिविधियों एवं सहभोज का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों में प्रेम, सौहार्द, एकता, सहयोग तथा आपसी मेल-जोल की भावना को विकसित करना था। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी आचार्या कविता तंवर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत खेल प्रशिक्षक रामभगत, कपिल शर्मा एवं खेल प्रशिक्षिका प्रीति यादव द्वारा करवाए वार्म-अप अभ्यास से हुई। स्वयंसेविका प्रिया ने स्वयंसेवकों को ड्रिल अभ्यास करवाया। स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक बैडमिंटन, खो-खो, वॉलीबॉल, हैंडबॉल एवं कबड्डी जैसे खेलों में भाग लिया। प्राचार्य विमलेश आर्य ने कहा कि ‘फिट हलवासिया–फिट इंडिया’ अभियान के अंतर्गत आयोजित ये गतिविधियां स्वयंसेवकों में परस्पर सहयोग, भाई-चारे एवं टीम भावना को सुदृढ़ करती हैं।

#### यह रहे परिणाम

खेल गतिविधियों के उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा घर से बनाए पारंपरिक स्वादिष्ट व्यंजन बाजरे की खिचड़ी, मक्के की रोटी, चूरमा, सरसों का साग, गाजर का हलवा आदि का सहभोज आयोजित किया, जिसमें सभी ने सामूहिक रूप से सहभागिता कर आनंद लिया। इसी क्रम में विद्यालय की छात्राओं ने केएम पब्लिक स्कूल में किरोड़ीमल चैरिटी ट्रस्ट के संस्थापक सेठ किरोड़ीमल लोहारीवाला की वर्षगांठ पर आयोजित अंतर-विद्यालय कविता पाठ प्रतियोगिता में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा प्रतिष्ठा राणा ने प्रथम तथा कक्षा छठी की छात्रा भाविका भारद्वाज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। संयुक्त अंकों के आधार पर चल विजयोपहार हलवासिया विद्या विहार के नाम रहा।

---

## 73 वर्षीय धावक रामकिशन ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के तीन सौ मेडल जीतकर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

बिना सरकारी मदद या बिना प्रशिक्षण वयोवृद्ध खिलाड़ी रामकिशन शर्मा ने दो राज्यों की अलग -अलग स्पर्धाओं में पांच गोल्ड पदक जीतकर तीहरा शतक पूरा कर लिया है। इतने लंबे संघर्ष के बावजूद सरकारी मदद नहीं मिलने पर क्षेत्र के सामाजिक संगठनों में रोष है तथा उनकी प्रतिभा के तहत से उनको खेल क्षेत्र में बड़ा सम्मान देने की मांग की है। सयुक्त भारतीय खेल फेडरेशन के तत्वावधान में 13वी नैशनल गैंस 26 से 28 दिसंबर को दिल्ली के जहवार लाल नेहरू



स्टेडियम में पांच स्वर्ण पदक अपने नाम किए, जिसमें 400 मीटर दौड़, 60 मीटर दौड़, 60 मीटर बाधा दौड़, लौंग जम्प व ट्रिपल जम्प में कुल पांच स्वर्ण पदकों के साथ अपने पदकों का तिहरा शतक पूरा किया। रामकिशन शर्मा ने अपने उम्दा प्रदर्शन और दृढ़ संकल्प के बल पर साबित किया कि उम्र कभी भी खेल के प्रति जुनून और मेहनत की राह में बाधा नहीं बनती। इस सफलता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि मेहनत, अनुशासन और लगन से हर मुकाम हासिल किया।

#### इन्होंने दी बधाई

बुजुर्ग रामकिशन की उपलब्धि पर पूर्व चेयरमैन सुनील शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुंदरपाल, पूर्व अध्यक्ष रामकिशन फौजी, सरपंच प्रतिनिधि राजेश कुमार, सुरेश कुमार, व्यापार मंडल पूर्व अध्यक्ष संदीप सिंटी, मास्टर सिंटी, जगत सिंह, कृष्ण सरपंच भांडवा आदि ने बधाई दी।

---

## ग्रैंड फिनाले के जूनियर में आरिक व सीनियर में रूद्रा प्रथम

**कल के कलाकार सीजन-2**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सांस्कृतिक सदन में रविवार को सुर, ताल और नृत्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। कौशिक नाट्य नृत्य अकादमी और चाणक्य कला मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता कल के कलाकार सीजन-2 के ग्रैंड फिनाले में देश के कोने-कोने से आई 50 चुनिंदा प्रतिभाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता का आयोजन दो वर्गों में हुआ, जिसके तहत जूनियर वर्ग में 4 वर्ष से 12 आयु वर्ष और सीनियर 12 वर्ष से अधिक आयु



वर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि उद्योगपति धर्मवीर ढिल्लो ने शिरकत की तथा आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करने महंत चरणदास महाराज उपस्थित रहे।

#### मंच संचालन मीनल ने किया

दीप प्रज्ज्वलन महंत चरणदास महाराज, ओम संस ज्वेलर्स के निदेशक मंजीत सर्राफ व सतीश वत्स ने किया। हमारा अपना फाउंडेशन के संस्थापक सचिन जैन, समाजसेवी सोमप्रकाश, पीएसडब्ल्यूए अध्यक्ष रामअवतार शर्मा, सुरेंद्र कुमार शर्मा, जोगेंद्र कौशिक, सुरेंद्र लोहिया, अभिषेक गोयल, देवराज तोशामिया सरपंच, डॉ. संजय वैद, डॉ. राजीव शर्मा, सविता घणघस, अल्का माथुर पहुंचे। निर्णायक मंडल में नृत्य गुरु संजय सेठी हिसार एवं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय नृत्य कलाकार नैना कौशिक दिल्ली से रहे। मंच संचालन मीनल ने किया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, गोल्ड मेडल एवं आकर्षक उपहार कौशिक नाट्य नृत्य अकादमी की तरफ से दिए। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार आरिक हांसी को 11 हजार, द्वितीय गीतिका भिवानी को 7100, तृतीय अदिति ढाणीमाहू 5100, चतुर्थ दुष्यंत ढाणी माहू 3100 रहे। वहीं काव्या ढाणीमाहू, कुमुद, वृद्धि हांसी, दिशानी, यशिका झज्जर, सनाया झज्जर को क्रमशः 1100-1100 का सांत्वना पुरस्कार दिया। सीनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार रुद्रा शर्मा भिवानी को 11 हजार, द्वितीय हितेन तोशाम को 7100, तृतीय हर्ष वर्मा हिसार को 5100, चतुर्थ सनम हांसी को 3100 रूपय के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके अलावा सागर मुम्बई, तितिक्षा भिवानी, दीक्षा ढाणीमाहू, नेहा भिवानी, प्रत्यूषा, अंशु को क्रमशः 1100-1100 रु प्रत्येक प्रतिभागी सांत्वना पुरस्कार दिया। इस मौके पर सुदेश गर्ग, जेसी शर्मा, दीपमाला शर्मा, मेघा शर्मा, मुकेश वत्स, विनय, अमित बडाला, निखिल गुप्ता, वैशाली गुप्ता, नरेश बेनिवाल, मीनल, माया जांगड़ा, रीतू, यशवी, इप्शिता कौशिक, ध्वनि,प्रीति ठाकुर, वृंदा कौशिक रहे।

---

## परोपकार की सेवा से जरूरतमंद को मिलता है लाभः मिड्ढा





**भिवानी।** सर्दी के मौसम में जरूरतमंद बच्चों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पंजाबी जागृति मंच द्वारा हनुमान ढाणी स्कूल में 31 जरूरतमंद बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किए। मंच के जिला प्रधान दर्शन कुमार मिड्ढा ने बताया कि मंच पिछले कई वर्षों से समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। मंच हर वर्ष जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर, जूते, जुराब, किताबें व अन्य आवश्यक सामग्री वितरित करता है। मंच की ओर से “रिश्तों की फ्री सर्विस” भी कृष्णा कॉलोनी स्थित कार्यालय में निरंतर चलाई जा रही है। मौके पर पूर्व खेल अधिकारी एवं समाजसेवी दर्शन कुमार मिड्ढा, उमाकांत शर्मा, मनोहरलाल सरदाना, जगन्नाथ गंभीर, ओमप्रकाश दुरेजा, ओमप्रकाश सुखीजा, घनश्याम सनेजा, कृष्ण कुमार हंस, राधाकृष्ण चावला, भारत भूषण मेहता, धर्मपाल बजाज, सावित्री यादव, अवशेष कुमार, मास्टर दयानंद, युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज व पूनम सैनी आदि मौजूद रहे।

---

## नशामुक्त हरियाणा से विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम

**चरखी दादरी।** बीआर शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित आईपीएस स्कूल में प्रातःकालीन विद्यालय सभा के दौरान हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से नशा मुक्त हरियाणा दूध अमृत संकल्प अभियान पर आधारित विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। सभा में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नशे के दुष्प्रभावों पर विचार प्रस्तुत किए गए तथा दूध को अमृत के रूप में अपनाने और नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास करना और उन्हें नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनाना रहा। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन ने कहा कि नशा समाज के भविष्य के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।



चरखी दादरी। नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत शपथ लेते विद्यार्थी और शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

---

## बिजेंद्र प्रधान व जयकिशन चेयरमैन बने

- हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन शहरी ब्रांच का चुनाव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन के चुनाव के दौरान मौजूद कर्मचारी।

हरियाणा गवर्नमेंट पी.डब्ल्यू.डी मैकेनिकल वर्करज यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ का शहरी ब्रांच का त्रिवार्षिक चुनाव चिड़ियाघर रोड स्थित जिला यूनियन कार्यालय में चुनाव परिवेक्षक राज्य प्रधान ईश्वर शर्मा, राज्य सचिव संदलसिंह राणा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। चुनाव से पहले पूर्व राज्य प्रधान स्वर्गीय शिवकुमार पाराशर की तृतीय पुण्यतिथि पर उनके बड़े भाई सीताराम पाराशर, पत्नी उर्मिला पाराशर, पुत्री मीनाक्षी, पुत्र मनीष पराशर, पुत्रवधु सुमन शर्मा, दामाद अरविंद भारद्वाज व सभी कर्मचारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। चुनाव में विशेष रूप से राज्य मुख्य सलाहकार सज्जन भारद्वाज, प्रांतीय कार्यालय सचिव राजकुमार सैन, जिला प्रधान सुरेंद्र कुमार टोनी ने शिरकत की। जिला प्रेस प्रवक्ता अमित कुमार जांगड़ा ने बताया कि चुनाव में सर्वसम्मति से चेयरमैन जयकिशन शर्मा, प्रधान बिजेन्द्र परमार, सचिव सुखबीर गुर्जर, कोषाध्यक्ष संदीप कोंट को चुना गया। चुनाव पर्यवेक्षक ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर जिला कार्यालय सचिव चांदीराम कादियान, बजरंगलाल, विनोद शर्मा आदि रहे मौजूद।

---

### ट्रैफिक चेकिंग के भी निर्देश दिए, ऊंची आवाज में डीजे बजाया तो होगी कार्रवाई : एसपी

# नववर्ष पर हुड़दंग किया तो दर्ज होगा केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

नव वर्ष आगमन पर हुड़दंगकारियों से निपटने के लिए पुलिस खाका तैयार कर लिया है। हुड़दंगकारियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस जिले में 36 जगहों पर नाकाबंदी करने जा रही है। साथ ही सादी वर्दी में पुलिस की नजर हुड़दंग करने वालों पर रहेगी। अगर किसी ने उल्लघंन किया तो हुड़दंगकारियों के खिलाफ केस दर्ज होगा। वहीं तेज आवाज में डीजे व पटाखे फोड़ने वालों के खिलाफ ध्वनि प्रदूषण अधिनियम के तहत केस दर्ज करवाया जाएगा। फिलहाल पुलिस ने अपनी उक्त योजना को सिरे चढाने के लिए आज से ही तैयारी शुरू कर ली है। यहां यह बताते चले कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जिले में 36 जगह पर पुलिस नाके लगाए जाएंगे। नव वर्ष-2026 के आगमन पर 31 दिसम्बर 2025 की रात्रि को आमजन द्वारा नववर्ष उत्सव मनाने के मध्यनजर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के व्यापक प्रबन्ध किये है।



पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार।

#### पुलिस टीमों का किया गठन

पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने कहा कि प्रायः देखने में आया है कि कुछ असामाजिक तत्व शराब व अन्य नशा करके सार्वजनिक स्थानो पर हुड़दग-बाजी करते है जो गलत है। इन्ही असामाजिक तत्वो से निपटने के लिए भिवानी के सभी थाना प्रबन्धकों, चौकी प्रभारियो को निर्देश दिये है कि उनके अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाले होटल, बार, धर्मशाला, पार्क, सिनेमाहॉल, मुख्य बाजार, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड पर कड़ी निगरानी रखेगे तथा पी.सी.आर./राईड़र से भी अपने-अपने ईलाको में प्रभावी पैट्रोलिंग करवायेगे। तथा मानकों से अधिक ऊँची आवाज में डीजे साउंड या पटाखे बजाने वालो के खिलाफ ध्वनि प्रदूषण अधिनियम के तहत कार्रवाई करेगे। खुफिया तंत्र एवं सादे कपड़ो में पुलिस कर्मचारी व महिला पुलिस कर्मचारियो की विशेष टीमें अलग अलग ईलाको में निगरानी करती रहेगी।

#### 36 जगहों पर होगी नाकाबंदी

इस अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों को सादगी व शालीनता से मनाएं और नववर्ष के लिए विशेष लक्ष्य निर्धारित करे। इसके अतिरिक्त तेजगति से वाहन चलाने वाले, हुड़दंगबाजी कर शान्ति भंग करने वाले और शराब पीकर वाहन चलाने वालो से सख्ती से निपटने के लिए पूरे जिले में स्थाई नाको के अलावा अलग से 36 जगह नाकाबंदी की जाएंगी। साथ ही पुलिस को अल्को-सैन्सर की सहायता से ट्रैफिक चैकिंग के भी निर्देश दिए है।

---

### रामचंद्र जांगड़ा ने रचा नया अध्यायः कुलदीप

**भिवानी।** हरियाणा प्रदेश के गठन से लेकर अब तक के 60 सालों के संसदीय इतिहास में पहली बार किसी सांसद ने न केवल हरियाणवी संस्कृति को संसद के पटल पर मजबूती से रखा है, बल्कि अपनी वेशभूषा के जरिए प्रदेश की पहचान को भी गौरवान्वित किया है, ये बात अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के जिला प्रधान कुलदीप फौगाट ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर व्यक्त किए। फौगाट ने राज्यसभा सांसद चौधरी रामचंद्र जांगड़ा की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे पहले ऐसे सांसद हैं जो संसद की कार्यवाही में अपनी पारंपरिक हरियाणवी वेशभूषा धोती-कुर्ता और पगड़ी में शामिल होते हैं। फौगाट ने कहा कि आज तक हरियाणा से कई बड़े नेता संसद पहुंचे, लेकिन जो साहस और अपनी मिट्टी के प्रति प्रेम रामचंद्र जांगड़ा ने दिखाया है।

---



## एडीजीपी डॉ राजश्री सिंह ने किया श्री महंत डॉक्टर अशोक गिरी महाराज का सम्मान

**भिवानी।** डॉ. राजश्री सिंह वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और वर्तमान में हरियाणा पुलिस में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एडीजीपी हालवास गेट स्थित सिद्ध पीठ बाबा जहरगिरी आश्रम में पहुंची और उन्होंने महंत डॉक्टर अशोक गिरी को अंगवस्त्र पटका व पुष्प गुच्छ भेट कर सम्मान दिया। एडीजीपी डॉ राजश्री सिंह ने कहा कि छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध भिवानी का बाबा जहर गिरी आश्रम में एक अनूठा आश्रम है और यहां पर धर्म और संस्कृति को लेकर समय-समय पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होते रहते हैं। उन्होंने कहा कि चाहे महाकुंभ की बात हो या फिर अन्य सामाजिक और धार्मिक अनुष्ठानों की बात हो तो वहां पर सिद्ध पीठ बाबा जहर गिरी आश्रम से हमेशा सेवाएं रहती हैं । जिसका सारा श्रेय श्री महंत डॉक्टर अशोक गिरी महाराज को जाता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्री महंत डॉक्टर अशोक गिरी महाराज की सेवाएं अनूठी हैं।



# रणबीर की लव एंड वॉर दोबारा हुई पोस्टपोन

**मुंबई।** रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की स्टारर फिल्म 'लव एंड वॉर' एक बार फिर से पोस्टपोन हो गई है। पहले मार्च और मई में आने के लिए शेड्यूल हुई इस मूवी की रिलीज आगे बढ़ गई है, जिससे नितेश तिवारी की 'रामायणम' की टीम निराश हो गई है। रणबीर कपूर के दो बड़े प्रोजेक्ट पाइपाइन में हैं। एक संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' और दूसरी नितेश तिवारी की 'रामायणम'। दोनों के लिए फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। हालांकि, उन्हें अभी लंबा इंतजार करना होगा।

लाइफ Style

# मृणाल

## नए साल से पहले छुट्टी मनाने निकलीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नए साल का जश्न मनाने के लिए किसी नई जगह पर रवाना हुई हैं। उन्होंने काम से छुट्टी ली और वह घूमने निकल गईं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर इसकी कुछ झलकियां साझा की हैं। 'सीता रामम' फेम अभिनेत्री ने अपनी शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। उनकी तस्वीरों ने फैंस का ध्यान खींचा है।

मृणाल ठाकुर ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें देखा जा सकता है कि वह काफी खुश हैं। एक तस्वीर में उन्होंने चश्मे के साथ पोज दिया है। एक दूसरी तस्वीर में वह रोड के किनारे पोज दे रही हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने वीडियो भी शेयर किया है। इसमें वह आइसक्रीम का आनंद ले रही हैं। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा है 'बहुत जरूरी'। इसके साथ उन्होंने कई इमोजी बनाए हैं। इसे देख कर लगता है कि वह छुट्टी के दौरान घूमने-फिरने, खाने और आराम करने को सबसे ज्यादा जरूरी चीज बता रही हैं। मृणाल ठाकुर की पोस्ट पर कई फैंस ने दिल वाले इमोजी के साथ कई कमेंट किए हैं। एक फैन ने उन्हें क्यूट बताया है, तो दूसरे ने लिखा, 'आप एक्सप्रेशन क्वीन और ब्यूटी क्वीन हैं।' एक यूजर ने मिस वर्ल्ड कह कर संबोधित किया है। मृणाल ठाकुर जल्द ही अदिवी शेष और अनुराग कश्यप के साथ फिल्म 'डकैत' में नजर आएंगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। वह फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का भी हिस्सा होंगी। इसका पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। यही नहीं मृणाल ठाकुर 'है जवानी तो इश्क होना है' और 'पूजा मेरी जान' का भी हिस्सा होंगी।



हॉलीवुड मसाला



# अब तक बन चुके हैं 13 भाग...

**लॉस एंजिल्स।** 'हैलोवीन'साल 1978 में रिलीज हुई थी। डायरेक्टर जॉन कारपेंटर की फिल्म 'हैलोवीन'अब एक कल्ट क्लासिक बन चुकी है। 3 लाख डॉलर के कम बजट में बनाई गई इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड लगभग 70 मिलियन डॉलर की कमाई की, जो कि उस दौर में बहुत ज्यादा थी। 47 साल भी इस फिल्म एक डरावनी सीन आज भी लोगों के जहन में बना हुआ है। अब तक इस सीरीज की लगभग 13 फिल्में आ चुकी हैं और दर्शकों सभी को खूब एंजॉय किया है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे लड़के से शुरू होती है जो कम उम्र में ही अपनी 6 साल की बहन का मर्डर कर देता है।



# अवतार- एनाकोंडा एक दूसरे को दे रहीं टक्कर

**मुंबई।** भारतीय दर्शकों के लिए इन दिनों सिनेमाघरों में बॉलीवुड के अलावा दो हॉलीवुड फिल्में भी लगी हुई हैं। फिल्म अवतारः फायर एंड ऐश और एनाकोंडा बॉक्स ऑफिस पर एक- दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही हैं। अवतारः फायर एंड ऐश की रिलीज को 11 दिन हो चुके हैं। इस फिल्म ने 11वें दिन दूसरे सोमवार को 3.48 करोड़ रुपए की कमाई की है। कुल मिलाकर इस हॉलीवुड फिल्म ने अभी तक बॉक्स ऑफिस पर 141.38 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। एनाकोंडा की रिलीज को पूरे पांच दिन हो चुके हैं। एनाकोंड ने पांचवें दिन सोमवार को 28 लाख रुपए की कमाई की है। वहीं, एनाकोंडा ने बॉक्स ऑफिस पर अभी तक कुल मिलाकर 4.78 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश का निर्देशन जेम्स कैमरून ने किया है।



# अलग अंदाज में न्यू ईयर मनाएंगी हुमा...

**मुंबई।** नया साल आने में चंद दिन बचे हैं। कई बॉलीवुड सेलेब्स इस मौके पर पार्टी करेंगे, वेकेशन पर जाएंगे। लेकिन, हुमा कुरैशी ऐसा कुछ नहीं करने वाली हैं। उनका न्यू ईयर सेलिब्रेशन का प्लान बिल्कुल हटकर है। यह तरीका सुनकर उनके फैंस भी हैरान हो जाएंगे। हुमा कुरैशी ने बताया कि वह न्यू ईयर पर ट्रैवल नहीं कर रही हैं। ना ही वेकेशन पर जा रही हैं। वह कहती हैं, ' मैं नए साल पर तीन दिन सोना चाहती हूं, क्योंकि मेरा यह साल बहुत बिजी रहा है। मैं एक नई फिल्म पर भी काम करने वाली हूं। इसलिए मैं साल के आखिर तीन दिन बस आराम करना चाहती हूं। मैं कुछ नहीं करना चाहती हूं। मैं सच में हॉलिडे पर्सन, रेजोल्यूशन पर्सन या पार्टी पर्सन नहीं हूं। मैं बस कुछ 'मी टाइम' चाहती हूं। मैं बस रिलैक्स करना चाहती हूं।



# पहली बार होगा महिला गैंग से सामना

**मुंबई।** गोलमाल फ्रेंचाइजी की फिल्म गोलमाल 5 को लेकर नया अपडेट सामने आ रहा है। फिल्म में पहले ही तरह अजय देवगन, अरशद वारसी के अलावा शरमन जोशी भी नजर आने वाले हैं। इसके अलावा पहली बार किसी महिला विलेन की एंट्री होगी। बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइजी में शुमार 'गोलमाल' एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है, लेकिन इस बार कहानी में बड़ा ट्विस्ट होने वाला है। निर्देशक रोहित शेट्टी अपनी सुपरहिट सीरीज के पांचवें पार्ट 'गोलमाल 5' को एक नए अंदाज में लेकर आ रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार फिल्म सिर्फ कॉमेडी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसमें फैंटेसी एलिमेंट भी देखने को मिलेगा। इसके साथ ही 'गोलमाल' की दुनिया में पहली बार एक महिला विलेन की एंट्री होने जा रही है।

टीवी मसाला

# इज्जत दोगे तो इज्जत मिलेगी मेरे साथ ये सब मत करना

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 की रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट अचानक पैपराजी पर गुस्सा हो गईं। इसके बाद उन्होंने पैप्स को फटकार भी लगाई। बिग बॉस 19 की रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट शो के पूरा होने के बाद भी लगातार चर्चाओं में रहती हैं। यही कारण है कि जब भी फरहाना बाहर निकलती हैं, पैपराजी उनको घेर लेते हैं। एक बार फिर ऐसा ही हुआ, जब फरहाना शहर में निकलीं तो पैप्स उनके पीछे लग लिए। लेकिन इस दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिससे फरहाना का पारा हाई हो गया और वो पैप्स पर नाराज हो गईं। इसके बाद वो पैप्स को नसीहत देते भी नजर आईं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में ब्लैक आउटफिट में फरहाना एक रेस्टोरेंट के बाहर नजर आ रही हैं। इस दौरान वो पैपराजी से बातचीत भी करती हैं। लेकिन तभी फरहाना पैप्स को फटकार भी लगाती हैं और उनके कमेंट पर आपत्ति जताती हैं। दरअसल, इस दौरान एक पैपराजी कहता है, 'लगता है चढ़ गई है।' फरहाना पैपराजी के इस कमेंट को सुन लेती हैं। इसके बाद वो पैप्स को फटकार लगाते हुए कहती हैं, 'क्या बोल रहे थे अभी? पिया है, पी रखी है, कुछ तो ऐसा बोल रहे थे ना। मेरे सामने ये सब दोबारा मत करना। मैं मस्ती-मजाक में प्यार करती हूं। इज्जत दोगे तो इज्जत मिलेगी। ऐसी टिप्पणियां करके मुझसे मजाक न करना।' हालांकि, फरहाना इसके बाद भी पैपराजी को प्यार से हाथ हिलाकर अपनी कार में बैठ गईं।



## सुनील ने धरा आमिर का रूप

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर अपनी कॉमेडी के अलावा अपनी मिमिक्री से भी लोगों को हैरान करते रहते हैं। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में सुनील ग्रोवर अक्सर ही अलग-अलग बॉलीवुड कलाकारों की मिमिक्री करते हैं। अब सुनील ग्रोवर ने बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान की मिमिक्री की है। जिसकी एक झलक देखकर ही फैंस हैरान रह गए। क्योंकि, सुनील ग्रोवर हूबहू आमिर खान की ही तरह लग रहे हैं और बोल भी उन्हीं की तरह रहे हैं।'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड में कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे बतौर मेहमान पहुंचेंगे। अभी शो का सिर्फ प्रोमो सामने आया है। इस प्रोमो में ही सुनील ग्रोवर आमिर खान बनकर पहुंचते हैं। आमिर के गेटअप में सुनील ने मेहमानों से बातचीत करते हुए उनकी कई शादियों पर चुटकुले सुनाए और रिश्तों को लेकर सलाह भी दी। साथ ही उन्होंने कार्तिक और अनन्या की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' के टाइटल का भी मजाक उड़ाया। इसका प्रोमो सामने आया है और इसमें सुनील ग्रोवर को आमिर के गेटअप में देखकर फैंस हैरान रह गए।




# पंचायत 5 से लेकर तस्करी तक 2026 में धूम मचाएंगी ये बड़ी वेब सीरीज

**नई दिल्ली।** साल 2026 दस्तक देने के लिए तैयार है। सिनेमा प्रेमियों के लिए साल 2026 बहुत अच्छा होने वाला है। इसकी वजह है कि अगले साल कई बेहतरीन वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं। कुछ वेब सीरीज के अगले सीजन रिलीज होने वाले हैं।

***पंचायत सीजन 5*** : गांव के माहौल पर आधारित वेब सीरीज 'पंचायत' की सभी सीरीज ने दर्शकों का मनोरंजन किया है। दर्शकों ने इस सीरीज में सभी कलाकारों का अभिनय और सीरीज की कहानी को पसंद किया है। 'पंचायत' सीजन 1 साल 2020 में, सीजन 2 साल 2022 में, सीजन 3 साल 2024 में, सीजन 4 साल 2025 में रिलीज हुआ था। 'पंचायत' सीरीज का अगला सीजन 2026 में रिलीज हो सकता है।

***गुल्लक सीजन 5*** : मध्यवर्गीय परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित सीरीज 'गुल्लक' के सभी सीजन को दर्शकों ने खूब सराहा। 'गुल्लक' सीजन 1 साल 2019 में, सीजन 2 साल 2021 में, सीजन 3 साल 2022 में और सीजन 4 साल 2024 में रिलीज हुआ। सीरीज का 5वां सीजन साल 2026 में रिलीज हो सकता है।








***हीरामंडी सीजन 2*** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी वेब सीरीज 'हीरामंडी' के पहले सीजन को दर्शकों से खूब प्यार मिला। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन मई 2024 में रिलीज हुआ था। खबरों के मुताबिक 'हीरामंडी' का सीजन 2 साल 2026 या 2027 में रिलीज हो सकता है।

***फ्रीडम एट मिडनाइट सीजन 2*** : भारत के विभाजन, स्वतंत्रता और राजनीति पर आधारित वेब सीरीज 'फ्रीडम एट मिडनाइट' को दर्शकों ने खूब सराहा। निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी इस वेब सीरीज में सिद्धांत गुप्ता, चिराग वोहरा जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन 15 नवंबर 2024 को रिलीज हुआ था। 'फ्रीडम एट मिडनाइट' सीजन 2 अगले साल 9 जनवरी को रिलीज होगा।

***तस्करीः द स्मगलर्स वेब*** : क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'तस्करीः द स्मगलर्स वेब' में इमरान हाशमी ने एक कस्टम ऑफिसर की भूमिका निभाई है। इसमें वह अंतरराष्ट्रीय तस्करी के काले नेटवर्क का पर्दाफाश करते दिखेंगे। दर्शक बेसब्री से इस सीरीज का इंतजार कर रहे हैं। यह 14 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है।

# रश्मिका और विजय उदयपुर में करेंगे शादी..!

*मुंबई। साउथ फिल्म इंडस्ट्री के स्टार्स रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा को लेकर खबर है कि दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंध जाएंगे। अक्टूबर में परिवार की मौजूदगी में गुपचुप सगाई करने के बाद अब दोनों 2026 में जीवनसाथी बनने के लिए तैयार हैं। अब वेडिंग डेट और वेन्यु को लेकर एक खुलासा हुआ। 'रश्मिका और विजय की शादी 26 फरवरी 2026 को उदयपुर के एक महल में होने वाली है। उन्होंने एक ऐतिहासिक प्रॉपर्टी को फाइनल किया है। सगाई की तरह ही शादी को भी एकदम निजी रखे जाने की प्लानिंग है। सिर्फ उनके करीबी लोग ही शामिल होंगे।' रश्मिका और विजय ने दशहरा के एक दिन बाद 3 अक्टूबर 2025 को हैदराबाद में सगाई की। हालांकि, दोनों ने इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन विजय की टीम ने 'एचटी' को इसकी जानकारी दी है। उस समय उन्होंने यह भी पुष्टि की थी कि यह जोड़ा फरवरी में शादी करेगा। रश्मिका और विजय की सगाई में भी सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हुए थे।*



## कई कलाकारों के लिए बेहतरीन होने वाला है साल 2026

# ये कलाकार बड़े पर्दे पर करेंगे डेब्यू, दिखाएंगे अभिनय का जलवा

*नई दिल्ली। साल 2026 दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस साल कई कलाकार बॉलीवुड की फिल्मों से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए रेडी हैं। इनमें कई सेलेब्स की संतानें हैं। पिछले साल राशा थडानी, जुनैद खान और खुशी कपूर जैसे कलाकारों ने बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू किया था। आइए जानते हैं साल 2026 में कौन से कलाकार बड़ी स्क्रीन पर नजर आ सकते हैं।*

**सुहाना खान** : शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान 2026 में बड़ी स्क्रीन पर नजर आने वाली हैं। वह शाहरुख खान स्टारर 'किंग' में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म की अभी रिलीज की तारीख तय नहीं हुई है। सुहाना खान ने 'द आर्जीच' से एक्टिंग में कदम रखा था। यह फिल्म साल 2023 में ओटीटी पर आई थी।

**अगस्तय नंदा** : अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा साल 2026 में बॉलीवुड फिल्म 'इक्कीस' से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाले हैं। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म में अगस्त्य परमवीर चक्र प्राप्तकर्ता मेजर अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभाएंगे। अगस्त्य नंदा पहली बार 'द आर्चीज' में नजर आए थी। यह फिल्म ओटीटी पर आई थी।



**सिमर भाटिया** : अभिनेत्री सिमर भाटिया 2026 में फिल्म 'इक्कीस' से डेब्यू करने वाली हैं। वह अक्षय कुमार की भांजी हैं। फिल्म में वह अगस्त्य नंदा के साथ नजर आएंगी। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। इसमें दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र नजर आएंगे।





**यशवर्धन आहूजा** : खबरें हैं कि गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा एक फिल्म में काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बताया जाता है कि यह फिल्म रोमांटिक होगी। इसका निर्देशन साउथ के निर्देशक साई राजेश कर रहे हैं।

**मेधा राणा** : मेधा राणा फिल्म 'बॉर्डर 2' से बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। इसमें वह वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। मेधा राणा सीरीज 'लंदन फाइल्स' में नजर आई थीं। इसमें अर्जुन रामपाल और पूरब कोहली अहम किरदार में थे। अब वह बड़े पर्दे पर डेब्यू करने जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### रोड सेफ्टी क्विज के छात्र सम्मानित

**कोसली।** भाकली स्थित एसकेजी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के दो विद्यार्थियों ने पुलिस प्रशासन की ओर से आयोजित जिला स्तरीय रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के छात्र वाशु यादव गांव नेहरूगढ़ एवं रिक्की यादव गांव मुंडाहेड़ा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। मंगलवार को एसकेजी शिक्षा समिति के चेयरमैन राय सिंह, विद्यालय के डायरेक्टर श्याम सिंह व प्राचार्य पवन कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनके बौद्धिक विकास में भी सहायक होती हैं।

### सावित्रीबाई फूले की जयंती पर कार्यक्रम 3 को

**रेवाड़ी।** माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था आजाद नगर में 3 जनवरी को प्रथम भारतीय महिला शिक्षिका राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फूले की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को संस्था अध्यक्ष इंजी. बुधराम पंवार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। प्रेस सचिव बहादुर सिंह ने बताया कि जयंती के अवसर पर बच्चों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे।

### पुलिस ने बेल जंपर को किया गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** अभियोग संख्या 223/2023 धारा 392, 397,201,34 आईपीसी व 25-54-59 आर्म्स एक्ट धारूहेड़ा थाने में आरोपी जयभगवान उर्फ लीलू निवासी गांव लाड़पुर जिला खैरथल तिजारा राजस्थान को अदालत की ओर से जमानत पर छोड़ा गया था और आगामी तारीख पेशी निश्चित करते हुए न्यायालय में पेश होने के आदेश दिए गए थे, किंतु आरोपी तारीख पर अदालत के सम्मुख पेश नहीं हुआ व अदालत के आदेशों की अवहेलना की, जिस पर आरोपी को जमानोत्तर अपराधी घोषित किया गया था।सोमवार को धारूहेड़ा थाना पुलिस ने अरोपी जयभगवान को गिरफ्तार करके अदालत के सम्मुख पेश किया।

### फसलों का बीमा करवाने की अंतिम तिथि आज

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने जिले के किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना यानि पीएमएफबीवाई का लाभ लेने के लिए रबी फसलों का बीमा करवाने का आह्वान किया है। पीएमएफबीवाई के तहत 2025-26 के लिए रबी की फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है। डीसी ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मौजूदा 2025-26 रबी सीजन में गेहूं, चना, सरसों, जौ और सूरजमुखी फसलों का बीमा किया जा रहा है।

## सावधानः नए साल पर जोश में होश खोना पड़ सकता है भारी पुलिस की पूरी तैयारी

# नव वर्ष पर असामाजिक तत्वों की प्रत्येक गतिविधियों पर रहेगी पुलिस की नजर

**सार्वजनिक स्थानों और सड़क के किनारे शराब पीने व ध्वनि प्रदूषण कर हुड़दंग करने पर होगी कड़ी कार्रवाई**

**शहर में अनेक स्थानों पर लगाएं गए विशेष ड्रंकन ड्राइविंग नाके, सोशल मीडिया पर भी पुलिस की लगातार नजर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- आज शाम 6 बजे से नए साल के उत्सव के समापन तक पुलिस रहेगी मुस्तैद

जिला पुलिस कप्तान हेमेंद्र कुमार मीणा ने जिला वासियों को नववर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नव वर्ष के आगमन पर हर्षोल्लास से जश्न मनाया जाता है। एसपी ने नव वर्ष 2026 का शांतिपूर्ण जश्न मनाने, आमजन की सुरक्षा और बिना किसी समस्या या परेशानी के यातायात व्यवस्था सुगम करने के लिए मंगलवार को शाम 6 बजे से नए साल के उत्सव के समापन तक आमजन के लिए यातायात संबंधी निर्देश जारी किए हैं। एसपी ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों और सड़क के किनारे शराब पीने, वाहनों के साइलेंसर से पटाखे फोड़कर ध्वनि प्रदूषण कर हुड़दंग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शहर में अनेक स्थानों पर विशेष ड्रंकन ड्राइविंग नाके लगाए जाएंगे और शराब के नशे में गाड़ी चलाने वालों की जांच की जाएगी। शरारती तत्वों की ओर से शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों एवं मार्गों पर की जाने वाली हुड़दंग बाजी और गतिविधियों को नियंत्रण करने के लिए पुलिस ने व्यापक प्रबंध किए हैं। एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि नववर्ष के अवसर पर जिले के मुख्य होटलों, रेस्टोरेंट्स, ढाबों व धर्मशालाओं पर अलग से सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं। जिले में अलग-अलग स्थान चिन्हित कर विशेष नाके स्थापित किए गए हैं। एसपी ने जिले में सुचारू रूप से यातायात व्यवस्था के लिए यातायात प्रभारी को निर्देश दिए हैं। एसपी ने कहा कि नव वर्ष पर असामाजिक तत्वों की प्रत्येक गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।







**रेवाड़ी।** शहर में लगाए गए नाके पर गाड़ी की जांच करती पुलिस व नव वर्ष को लेकर लगे नाके पर तैनात पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

### जारी की गई एडवाइजरी

एसपी ने कहा कि नागरिकों को नए साल के जश्न के दौरान यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की हिदायत दी है। एसपी ने कहा कि नशे में गाड़ी चलाने, स्टंट बाइकिंग, ओवरस्पीडिंग, जिग-जैग ड्राइविंग और खतरनाक ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने ट्रैफिक जाम की स्थिति से बचने के लिए लोगों को निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की सलाह दी है। यातायात के सुचारू आवागमन के लिए अपने वाहनों को पार्किंग क्षेत्रों में पार्क करने की सलाह दी है। एसपी ने कहा कि ऑटो चालकों को अपने ऑटो को शॉपिंग मॉल, भीड़-भाड़ वाली जगहों और सड़क के किनारे से दूर पार्क करें, अन्यथा मोटर वाहन अधिनियम के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी।

### अफवाहों पर ध्यान न दें जिलावासी : एसपी

पुलिस अधीक्षक मीणा ने कहा कि नव वर्ष के अवसर पर जिलावासी अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कोई गलत अफवाह फैलाता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे। एसपी ने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस लगातार नजर बनाए हुए है। नव वर्ष की आड़ में असामाजिक गतिविधियां करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। सभी नागरिक कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। किसी भी संदिग्ध-असामान्य गतिविधि या संदिग्ध वस्तु की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या डायल 112 पर दें।



एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

### आज के समय में बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं: डा. बनवारी



**बावल।** बावल के वार्ड-8 के निवासी पार्षद रोहताश नंबरदार की पौत्री कास्वी नैनावत ने दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कास्वी की उपलब्धि पर मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार डा. बनवारी लाल ने शिरकत कर कास्वी को सम्मानित किया। इस मौके पर डा. बनवारी लाल ने कहा कि आज के समय में बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। कास्वी की यह उपलब्धि बावल की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इस अवसर पर नगरपालिका उपप्रधान अर्जुन सिंह चौकन, पूर्व नगरपालिका चेयरमैन अमर सिंह महलावत, पार्षद दीपक कुमार, देवेंद्र अरनेजा, रमेश कुमार, रोहतास नंबरदार, सुनील कुमार, ताराचंद, हेमंत चतुर्वेदी व आशाराम चौकन सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

### कांस्टेबल सुनील ने हरियाणा मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता गोल्ड



**रेवाड़ी।** हिसार के गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में आयोजित 34वीं हरियाणा मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रेवाड़ी के सुनील कुमार ने अपनी रफ्तार और स्टैमिना का लोहा मनवाते हुए स्वर्ण पदक जीता है। सुनील कुमार अब 28 जनवरी से 1 फरवरी तक केरल के तिरुवनंतपुरम जिले के चंद्रशेखरन नायर स्टेडियम और यूनिवर्सिटी स्टेडियम में आयोजित होने वाली नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। दिल्ली रोड़ स्थित मधु विहार निवासी और हरियाणा पुलिस आईआर बी में कांस्टेबल सुनील कुमार ने 35 से ज्यादा आयु वर्ग की 5000 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीता। इससे पहले सुनील ने गत नवंबर में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम चैन्नई में आयोजित 23वीं एशियाई मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था और आगामी विश्व मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। सुनील कुमार ने दो बार राष्ट्रीय पुलिस गेम्स में हिस्सा ले चुके है और दो बार नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मेडल प्राप्त कर चुके है। कांस्टेबल सुनील कुमार की इस उपलब्धि पर हरियाणा पुलिस के अधिकारियों व जवानों ने बधाई दी है।

# बाइपास रोड पर रेहड़ियों का कब्जा कोहरे में बढ़ी हादसों की आशंका

**रेवाड़ी।** जैसलमेर नेशनल हाइवे से झज्जर रोड को जोड़ने वाले आउटर बाइपास के टी-प्वाइंट के पास रेहड़ी वालों ने कब्जा जमा लिया है। बड़ी संख्या में रेहड़ियां खड़ी होने के कारण कोहरे के समय हादसों की आशंका बढ़ रही है। पहले रेहड़ी लगाने वाले लोगों ने नाईवाली चौक फ्लाईओवर के नारनौल की ओर जाने वाले हिस्से पर कब्जा जमाया हुआ था। इससे पुल पर जाम जैसे हालात बने रहते थे। ट्रैफिक पुलिस ने इस स्थान से रेहड़ियों को हटवा दिया था। अब इन रेहड़ी वालों ने बाइपास पर कब्जा जमा लिया है। हरिनगर के पास टी-प्वाइंट पर झज्जर की ओर जाने वाले रोड पर दूर तक रेहड़ियां खड़ी की जा रही हैं। इन रेहड़ियों के कारण फ्लाईओवर का एक हिस्सा ही मिनी मार्केट की तरह बनने लगा है। रेहड़ियों पर सामान खरीदने के लिए लोग सड़क पर ही अपने वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे बाइपास रोड से दूसरे वाहनों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। शाम के समय पुल पर रेहड़ियों कारण लोगों की भीड़ एकत्रित हो जाती है।



**रेवाड़ी।** झज्जर की ओर जाने वाले बाइपास पर खड़ी रेहड़ियां।

### खड़ा कर रहे वाहन

इस टी-प्वाइंट पर रेवाड़ी से नारनौल और महेंद्रगढ़ के बीच हजारों वाहनों का आवागमन होता है। नारनौल से झज्जर की ओर जाने वाले वाहन जिस जगह पर टर्न करते हैं, उसके पास से ही रेहड़ियां शुरू हो जाती हैं। रेहड़ियों के पास वाहन रोककर लोग खरीदारी करते हैं, जिससे कोहरे के समय खड़े वाहनों से दूसरे वाहन टकरा सकते हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से रेहड़ियां हटवाकर रोड खाली कराने की मांग की है।

## कलयुग से सतयुग की ओर ले जाने का प्रमुख मार्ग है महापुराण

# श्रीमद् भागवत महापुराण में लिखा एक-एक वाक्य मनुष्य जीवन को कष्टों से मुक्त करता: डा. मिश्र

- महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति दी, मांगी मन्नतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

विश्व सनातन धर्म सेवा ट्रस्ट की ओर से अग्रवाल भवन में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथामृत का विश्व शांति के लिए किए जा गए हवन के साथ समापन हो गया। महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान जगन्नाथ की वंदना के साथ हुआ। परिवार पहचान पत्र प्राधिकरण के स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने जगन्नाथ पुरी से पधारे डा. काशीनाथ मिश्र का पटका पहनाकर अभिनंदन किया। कथावाचक डा. काशीनाथ मिश्र ने जिलावासियों से प्रतिदिन त्रिकाल संध्या करने, माधव नाम जपने और श्रीमद्भागवत महापुराण का पठन-पाठन और श्रवण करने का आह्वान किया।



**रेवाड़ी।** डा. काशीनाथ मिश्र का अभिनंदन करते सतीश खोला।

### प्रवचन से दी प्रेरणा

कथावाचक डा. काशीनाथ मिश्र ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण स्वयं भगवान हरि की वाणी है। इसमें लिखा एक-एक वाक्य मनुष्य जीवन को न केवल कष्टों से मुक्त करता है, बल्कि कलयुग से सतयुग की ओर ले जाने वाला यही प्रमुख मार्ग है। डा. मिश्र ने कहा कि 600 साल पहले ताड़ पत्र पर लिखे गए इस ग्रंथ में वह भविष्यवाणी है, जिसे समझने के बाद मनुष्य तमाम बंधनों से मुक्त होकर सतयुग धाम को जाता है। इसलिए श्रीमद्भागवत महापुराण के साथ भविष्य मलिक का भी निरंतर पठन करें और इसे दूसरों को भी समझाएं।

### उपमंडल के लंबित कार्यों को गति देने के लिए बैठक आज

**कोसली।** कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव 31 दिसंबर को राजस्व विभाग एवं पंचायत विभाग की बैठक में उपमंडल के लंबित विभागीय कार्यों को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेंगे। लघु सचिवालय परिसर में बुधवार को सुबह 10 बजे आयोजित बैठक में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो, गिरदावर और पटवारी शामिल होंगे। एसडीएम राजस्व विभाग में वर्षो से लंबित पड़े कार्यों जैसे भूमि की निशानदेही, जमीन का रिकार्ड दुरुस्त रखने और भूमि तकसीम के नक्शे बनाने को लेकर निर्देश देंगे। दोपहर 3 बजे एसडीएम कार्यालय में पंचायत विभाग की बैठक होगी।

## शहीद मेजर विकास यादव राजकीय कन्या विद्यालय में शिक्षा सुधार पर चर्चा

# बैठक में स्कूल संचालकों को विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों में सुधार लाने के लिए दिए निर्देश

- विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर की बात भी कही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

शहीद मेजर विकास यादव राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसली में मंगलवार को नाहड़ खंड के राजकीय व निजी विद्यालयों के मुखियाओं की बैठक आयोजित की गई। इस मौक पर जिला शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया मौजूद थे। डीईओ व डीईईओ ने खंड के सभी विद्यालय मुखियाओं को विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों में सुधार लाने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित रखने तथा विभाग की ओर से समय-समय पर मांगी जाने वाली सूचनाओं का समय पर निपटान करने के निर्देश भी दिए।



**रेवाड़ी।** नाहड़ खंड के स्कूलों मुखियाओं को दिशा-निर्देश देते डीईओ।

### बैठक में ये रहे मौजूद

खंड शिक्षा अधिकारी डा. राजेंद्र यादव ने डीईओ व डीईईओ को आश्वस्त किया कि खंड नाहड़ के सभी विद्यालय मुखिया अपने दायित्वों का सुचारू रूप से निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने खंड के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों के शैक्षणिक कार्यों की सराहना भी की। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से दिनेश सुरेहली, हरिओम शर्मा, एडवोकेट रमेश शर्मा, निजी विद्यालयों से यशपाल यादव, जगदेव, संदीप यादव, बाबूलाल, प्राचार्य अनूप सिंह, सुरेंद्र सिवाच, नरेंद्र कुमार व विनोद कुमार सहित अनेक स्कूल मुखिया उपस्थित थे।

### प्रत्येक सहायक कलेक्टर को प्रति माह 12 भूमि बंटवारा मामलों का निपटारा करना अनिवार्य



डीसी अभिषेक मीणा

**रेवाड़ी।** हरियाणा में भूमि बंटवारा मामलों के शीघ्र निपटारे के उद्देश्य से व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए गए है, इस पहल का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने व देरी के कारण लंबे समय से परेशान नागरिकों को राहत प्रदान करना है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से समयबद्ध निपटारे के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि भूमि बंटवारा कार्यवाही राजस्व अधिकारियों की सबसे महत्वपूर्ण वैधानिक जिम्मेदारियों में से एक है। नए निर्देशों के तहत प्रत्येक सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी को प्रति माह न्यूनतम 12 बंटवारा मामलों का निपटारा अनिवार्य रूप से करना होगा। इन लक्ष्यों की कड़ाई से निगरानी के लिए तीन-स्तरीय मजबूत निगरानी तंत्र स्थापित किया गया है। अनुपालन की समीक्षा मासिक रूप से की जाएगी। डीसी ने बताया कि आपसी सहमति से समाधान को बढ़ावा देने और मुकदमेबाजी कम करने के लिए एफसीआर ने वैकल्पिक विवाद समाधान यानि एडीआर तंत्र लागू किया है। इसके तहत संविदा आधार पर सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारियों की सेवाएं लेकर लंबित बंटवारा मामलों का निपटारा कर सकते हैं।

# एनएसएस जैसे प्रकल्पों के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति प्रेम भरा जा सकताः डीईओ

**रेवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंवाली में मंगलवार को एनएसएस के सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी विजेंद्र हुड्डा व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया ने एनएसएस कैंप का शुभारंभ किया। विद्यालय प्राचार्य अनिल यादव ने बताया कि एनएसएस कैंप में विद्यालय के 55 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं,जो आगामी 7 दिन तक विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास करेंगे तथा सामुदायिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। विद्यालय के एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रदीप कुमार ने बताया कि इस अवधि के दौरान वॉलिंटियर आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छ भारत, वायु प्रदूषण, ड्रग एब्यूज, लीगल एस्पेक्ट, वूमेन सेफ्टी व सेक्सुअल हैरेसमेंट आदि विषयों पर वाद विवाद भाषण व अन्य गतिविधियों में प्रशिक्षित किए जाएंगे। इस अवसर पर डीईओ ने कहा कि इस प्रकार की प्रकल्पों के माध्यम से विद्यार्थी अपने अंदर राष्ट्र प्रेम और समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह अच्छी प्रकार से कैसे कर सकते हैं। इस प्रकार के आयोजन से ही राष्ट्र के प्रति प्रेम भरा जा सकता है तथा विद्यार्थियों में श्रम के प्रति सम्मान की भावना और नेतृत्व का गुण विकसित किया जा सकता है। डीईईओ ने विद्यार्थियों को इस प्रकार की पाठ्य सहगामी क्रियाओं में भाग लेने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी और एनएसएस उच्च नैतिक मूल्यों तथा चारित्रिक विकास करने में सहायक गतिविधियों में से है। छात्रों को ऐसे शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए और अपना संपूर्ण व्यक्तित्व विकसित करना चाहिए। इस अवसर पर मिथिलेश कुमारी, सुनीता देवी, राम सिंह, श्रीभगवान, समर सिंह, पूजा यादव, करण सिंह, किरण देवी, पिंकी, अदिति, दीपिका, सोनू, राकेश कुमार, राकेश डहीना, दिनेश कुमार, जीतू उपनिष व रमेश देवी उपस्थित थे।



**रेवाड़ी।** कंवाली स्कूल में एनएसएस कैंप का शुभारंभ करते डीईओ व डीईईओ।

## वार्षिक उत्सव | बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए मंच पर लाना जरूरी: विधायक

# राज स्कूल में वार्षिक समारोह का आयोजन बच्चों की सांस्कृतिक कला ने किया मंत्रमुग्ध

सर्वप्रथम छात्रा मानवी की गायन प्रस्तुति ने सबका मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राज इंटरनेशनल स्कूल में प्री नर्सरी से तीसरी कक्षा के बच्चों के वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, इंटरनेशनल बिजनेसमैन कुंवर रवि चौहान और विद्यालय के चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

सर्वप्रथम छात्रा मानवी की गायन प्रस्तुति ने सबका मन मोहा। विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक कला के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इस दौरान केबीसी के सवालों ने भी सबकी उत्सुकता को बढ़ाया, जिसमें अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने सपनों की उड़ान व जश्न ए बचपन थीम पर शंकर जी का डमरू बाजे, आओ तुम्हें चांद पे ले जाएं, अपनी तो पाठशाला, बादल पे पांव, दिल है छोटा-सा, फिर मिलेंगे चलते-चलते, राम केसरी के लल्ला, देव श्रीगणेशा, मेरे देश की धरती, कह दूं तुम्हें, डिस्को डांसर, रात का समां, हर हर महादेव, शाकी-शाकी, बालम छोटा सा, डाकिया डाक लाया, हो गई तेरी बल्ले बल्ले, हर तरफ-हर जगह, स्केटिंग और मिड ब्रेन इवेंट में अपनी प्रतिभा दिखाई।





**रेवाड़ी।** राज स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चे।

### विधायक ने किया प्रेरित

इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मण यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों की प्रतिभा को प्रदर्शित करते है, बल्कि समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। बिजनेसमैन कुंवर रवि चौहान ने कहा कि राज स्कूल प्रबंधन बच्चों को संस्कारों की शिक्षा दे रहा हैं ताकि वे मानवीय मूल्यों को समझ कर समाज में अपनी पहचान बना सकें। इस अवसर पर स्कूल निदेशक नवीन सैनी ने कहा कि वार्षिक समारोह मनाने का मुख्य लक्ष्य छात्रों को एक मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन कर सकें। इसके अलावा, इसका उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाना, टीम वर्क को प्रोत्साहित करना और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना है। विद्यालय के चेयरमैन राजेंद्र सैनी, निदेशक नवीन सैनी, जितेंद्र सैनी, हेमंत सैनी, जयश्री सैनी व अन्नू सैनी ने अतिथि को स्मृति चिह्न देकर आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### शिविर में सड़क सुरक्षा नियमों के दिए टिप्स

**भिवानी।** गांव दुल्हेड़ी स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में मंगलवार से सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर प्राचार्य सतीश कुमार सांगवान के मार्गदर्शन और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जयवीर सोलंकी के नेतृत्व में लगाया गया। शिविर यूथ फॉर माई भारत की विशेष थीम पर आधारित रहा। शिविर के पहले दिन का मुख्य केंद्र बिंदु सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियम रहे। प्राचार्य सांगवान ने कहा कि एनएसएस शिविर सात दिनों का आयोजन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण की कार्यशाला है।

### रेवाड़ी खेड़ा में यज्ञ के साथ कथा का समापन

**बवानीखेड़ा।** गांव रेवाड़ी खेड़ा में 21 दिसंबर से आयोजित संगीतमय मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम कथा ज्ञान गंगा यज्ञ का आज हवन यज्ञ के साथ समापन किया गया। आचार्य रमाकांत तिवारी महाराज ने कहा कि 21 दिसंबर से रेवाड़ी खेड़ा गांव में राम कथा का शुभारंभ किया गया था। और 21 दिसंबर को शिव मंदिर से मैरिज हॉल तक कलश यात्रा निकाली गई। और आकर्षक झाकिया भी निकल गई। उन्होंने कहा कि राम कथा करने का उद्देश्य यही है कि हमें उनके बारे में जानने का मौका मिले। हम उनके बारे में जान सके। ग्राम पंचायत रेवाड़ी खेड़ा की तरफ से आचार्य रमाकांत तिवारी का स्वागत भी किया गया। आज 30 दिसंबर को हवन यज्ञ के साथ राम कथा का समापन किया।

### एनएसएस विशेष शिविर में बच्चों को दी जानकारी

**बवानीखेड़ा।** रामॉसंवमा विद्यालय, बवानी खेड़ा में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना ) के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन का आयोजन उत्साह एवं अनुशासन के साथ किया गया। यह समस्त गतिविधियाँ विद्यालय प्राचार्या श्रीमती संतोष भाकर के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुईं। दिन की शुरुआत एनएसएस गीत एवं राष्ट्रगान से हुई, इसके पश्चात स्वयंसेवकों को योग अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर फर्स्ट एड लेक्चरर श्री सोनू कुमार ने स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### गांव पुर में अभियान चला कर किया जागरूक

**बवानीखेड़ा।** गांव पुर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नशा मुक्ति, लीव इन रिलेशन, सेम गोत्र विवाह, आस-पड़ोस में विवाह आदि को लेकर अभियान चलाया गया। जिसमें समाजसेवी एवं स्वास्थ्य निरीक्षक डॉ. राजेश सनसनीवाल ने पहुंचकर छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने जागरूक करते हुए बताया आज नशे ने हमारे चारों और पांव पसार लिए हैं। बच्चे युवावस्था में ही नशे का सेवन कर रहे हैं जिससे उन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि आज के युवा अपने परिजनों से छिपकर लीव एंड रिलेशन में रहने लगते हैं जिससे परिजनों को शर्मशार होना पड़ता है व समाज में उनकी मर्यादा समाप्त हो जाती है।

# 10 दिनों तक सुलगती रही मनीषा हत्याकांड की आग

# एसपी और चार पुलिस अधिकारियों पर गिरी गाज

**अलविदा 2025**

## मुख्यमंत्री सैनी के सीबीआई और एम्स में पोस्टमार्टम के ट्वीट पर मामला शांत

**भिवानी।** ढाणी लक्ष्मण की बेटी मनीषा हत्याकांड ने पूरे प्रदेश की सरकार को झकझोर कर दिया। विपक्षी पार्टी के नेता व सामाजिक संगठनों ने खूब राजनीति रोटियां सेंकी। अंदरखाते राजनेताओं व सामाजिक संगठनों के आंदोलन के बाद मामला करीब दस दिनों तक चलता रहा। 11 अगस्त को लापता हुई मनीषा का 13 अगस्त को खेतों में शव मिला। लोगों ने रोड जाम किया, धरने शुरू हो गए। 15 अगस्त को विपक्षी पार्टी के नेताओं का हस्तक्षेप बढा तो दोबारा शव का पोस्टमार्टम कराने की बात आगे आ गई। बढ़ते दबाव के बाद सरकार को भिवानी का एसपी का तबादला के साथ साथ चार पुलिस अधिकारियों पर सस्पेंड होने की गाज गिरी।

18 अगस्त को पुलिस ने सुसाइड नोट को उजागर किया तथा 18 व 19 अगस्त को नए एसपी व उपायुक्त ने पीड़ित परिवार तथा नवगठित कमेटी के सदस्यों के साथ बातचीत कर रोहतक पीजीआई में दोबारा शव का पोस्टमार्टम करवाया। 19 अगस्त को सुबह मृतका के परिजन अंतिम संस्कार के फैसले से मुकर गए और ढिगावा की बजाय गांव ढाणी लक्ष्मण में ग्रामीणों ने धरना शुरू कर दिया। 19 अगस्त की रात को ग्रामीणों ने सीबीआई से मामले जांच तथा एम्स में रि पोस्ट मार्टम कराने की बात रखी। जिस पर रात को ही सीएम नायब सिंह सैनी ने टवीट कर सीबीआई से मामला सौंपने व एम्स दिल्ली में दोबारा पोस्टमार्टम कराने पर सहमति दे दी। 21 अगस्त को गांव में अंतिम संस्कार किया गया।





**भिवानी।** खेतों में पड़ा मनीषा का शव व हत्याकांड के बाद उग्र भीड़ को शांत करने के लिए दूसरों की जिलों की पहुंची पुलिस। फाइल फोटो

### दो बच्चों की मां व अविवाहित प्रेमी ने किया सुसाइड, प्रेम प्रसंग से जुड़ा मामला



**चरखी दादरी।** दादरी जिले के गांव हुई में गत 16 मार्च को एक घर में प्रेमी जोड़े का शव मिला था। युवक का रसोई व महिला का शव छत पर मिला है। शव मृतक महिला शांति देवी के घर से बरामद हुए थे। शव मिलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचित किया और पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया। गांव हुई निवासी संदीप ने बताया कि बीती रात वह अपनी पत्नी शांति और दो बच्चों के साथ सो रहा था, जबकि उसके माता पिता दूसरे कमरे में सो रहे थे। सुबह करीब पांच बजे उठा तो उसकी पत्नी शांति कमरे में नहीं थी और बाहर से कुंडी लगी हुई थी। जब उसने आवाज लगाई तो उसकी मां ने बाहर से कुंडी खोली तब वह बाहर निकला। इसके बाद वह रसोई की तरफ गया तो युवक की लाश पड़ी थी, लेकिन पत्नी दिखाई नहीं दी। जब मकान की छत पर गया तो उसकी पत्नी शांति भी मृत अवस्था में पड़ी थी। मृतक युवक की पहचान भिवानी जिले के गांव ओबरा निवासी दीपक के रूप में हुई। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। मृतक युवक की शिनाख्त के बाद पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी।

**धनाना गांव में रोंगटे खड़े कर देना वाला सनसनीखेज मामला**

### बाप ने ही नाबालिग बेटे व बेटी को उतारा मौत के घाट

भिवानी। आठ जून को धनाना गांव में रोंगटे खड़े कर देना वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक पिता ने ही अपने दो नाबालिग बेटा व बेटी की तार से घटा घोंटकर हत्या कर दी। आरोपी सुभाष ने पहले अपने दोनों बच्चो को नशे की दवाई दी और फिर तार से दोनों का गला घोंट दिया। इसके बाद खुद भी उसने सल्फास की गोली खाकर जान देने की कोशिक की थी, लेकिन घर में भतीजे के आने के बाद उसने परिजनों को सूचना दी और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था, जहां आरोपी सुभाष की हालत भी नाजुक बनी हुई थी। धनाना के काल्याण पाना निवासी करीब 40 वर्षीय सुभाष ने अपने नाबालिग बेटे 17 वर्षीय बसंत व 16 वर्षीय बेटी आरूषि की हत्या कर दी। आरोपी सुभाष के अनुसार उसकी पत्नी की मौत एक माह पहले आठ मई को हुई थी, जिसके लिए उसने अपनी मां को जिम्मेदार बताया है। उसने बताया कि उसने अपनी पत्नी के वियोग में ऐसा कदम उठाया है। सुभाष ने बताया कि उसने ही अपने दोनों बच्चो को मारा है और खुद भी सल्फास खाई है। आरोपी सुभाष ने आम के सेक में जहरीला पदार्थ पिलाया और फिर तार से दोनों का गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया। सुभाष के अनुसार उसने खुद भी जहर खाया और फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने वाला था, तभी उसका भतीजा घर आ गया। उसने आनन फानन में आस पड़ोस में बताया, फिर पुलिस आई और सुभाष को संदिग्ध हालत में भिवानी नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। आरोपी सुभाष ने बताया कि वो अपनी जिंदगी आराम से जी रहा था, पर उसकी मां व पत्नी का अक्सर झगड़ा होता था, जिसके चलते पिछले माह आठ मई को उसकी पत्नी ने जहर खा लिया, जिससे उसकी पत्नी की मौत हो गई। फिलहाल सदर थाना पुलिस आरोपी सुभाष का उपचार करवा रही है। सदर थाना एसएचओ नरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी सुभाष ने अपने दोनों बच्चों की हत्या की है, वो खुद भी संदिग्ध हालत में है, जिसका उपचार चल रहा है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। फिलहाल मृतक बच्चों की दादी की शिकायत पर सुभाष के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

### दिल्ली-पिलानी एनएच को साढ़े पांच घंटे रखा जाम, अंतिम संस्कार करने से इनकार



**भिवानी।** 16 सितम्बर को गांव जुई में जमीनी विवाद के चलते 29 वर्षीय कर्ण सिंह की सोमवार को मौत हो गई, जिसके रोषस्वरुप परिजनों व ग्रामीणों ने दिल्ली-पिलानी नेशनल हाइवे पर जाम लगा दिया। परिजनों व ग्रामीणों ने दिल्ली-पिलानी नेशनल हाईवे को करीब साढ़े पांच घंटे जाम रखा और आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक कर्ण सिंह के शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। जाम की सूचना पर एसपी व डीएसपी मौके पर पहुंचे और परिजनों व लोगों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद बावजूद परिजन व ग्रामीण सभी आरोपियों की गिरफ्तारी पर अड़े रहे। उल्लेखनीय हैं कि जमीनी विवाद के चलते 28 जुलाई को जुई निवासी 29 वर्षीय कर्णसिंह पर हमला हुआ और वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी 15 सितंबर सोमवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। करीब डेढ़ माह तक दिल्ली के अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझने के बाद उसने दम तोड़ दिया। कर्ण सिंह की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया और सोमवार सुबह करीब 10 बजे दिल्ली–पिलानी नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया।

## नीमड़ बडेसरा के ग्रामीणों ने चकबंदी कार्य में मनमानी बरतने का लगाया आरोप

# पंचायत की अगुवाई में सीएम, सांसद विधायक और डीसी को भेजा ज्ञापन

**रकबे को अलग । अलग हिस्सों में विभाजित करने के लिए पांच से छह साल से चक्कर लगा रहे**

■ किसानों ने जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

गांव नीमड़ बडेसरा के किसानों ने उपमंडल कार्यालय पहुंचकर चकबंदी कामकाज में विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों पर मनमानी बरतने व जनहित से जुड़ी योजनाओं को लागू नहीं करने का आरोप लगाए और उनके साथ न्याय करने की अपील की,जिसको लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम के रीडर कपिल को मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक व डीसी के नाम ज्ञापन सौंपा।



**भिवानी।** एसडीएम प्रवाचक को ज्ञापन देते नीमड़ बड़ेसरा के ग्रामीण।

उपमंडल कार्यालय में सरपंच कमलेश देवी, चकबंदी कमेटी अध्यक्ष अर्जुन सिंह, नंबरदार इंदराज सिंह, एडवोकेट श्रीमराम, मास्टर सूबेसिंह जाखड़, सुनील पूर्व सरपंच, मास्टर सूबेसिंह, सोमबीर पंच, पंच सुरेंद्र सिंह, कमलसिंह, अजीत सिंह, मास्टर जयभगवान, रणधीर सिंह, शिवकुमार, सुभाष देवी, रामकिशन, संजय, बलबीर सिंह, करतार सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, ओमवीर सिंह, मनोज, नरेद्र सिंह, संतोष देवी, प्रवीण कुमार, रामफल सिंह, अमित कुमार, रामबीर, राजेश कुमार, मुकेश कुमार,अनिल कुमार, सुरेंद्र सिंह आदि की अगुवाई में पहुंचे।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्हें पहले दिन बताया गया कि उनके गांव को साथ लगते गांव बेरला व कादमा से जोड़ा जाएगा, लेकिन अब अधिकारियों ने बिना कोई विचार विमर्श उनके भविष्य के लिए परेशानी पैदा करने के लिए दोनों गांवों के रास्तों को उनकी सीमा से सौ मीटर तक दूर ही बंद कर दिया,जबकी इन गांवों से बहुत बड़े स्तर पर आवागमन है और चकबंदी अधिकारी फैसलें पर बदलाव करने से साफ मना कर रहे हैं।

वहीं गांव की फिरनी को सवा दस मीटर चौड़ा करने की बजाय कई जगह मनमर्जी से मात्र छह से सात मीटर चौड़ा ही कर दिया जो भविष्य के लिए बड़ी परेशानी बनेगा। ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि चकबंदी की स्कीमों का सार्वजनिक तौर पर प्रकाशन करने के साथ साथ ग्राम पंचायत व नंबरदारों को उपलब्ध करवाई जाए तथा अधिकारियों, कर्मचारियों को भूमालिकों के साथ अच्छी तरह बर्ताव करने की मांग करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति अपने परिवार या सगे संबधी के रिकार्ड का अवलोकन करना चाहे उसको विभाग रिकार्ड दिखाने का काम करें।

**वर्ष 2019 से चकबंदी कार्य चल रहा**

*गांव में वर्ष 2019 से चकबंदी कार्य चल रहा है और ग्रामीणों ने आपसी सहमति से सात लाख रुपये भी एकत्रित कर विभाग को दिए, लेकिन अब विभाग ने न चकबंदी कार्य में किसी भी व्यक्ति से सलाह मशवरा किया और न चकबंदी की स्कीमों से अवगत करवाया। साठ फीसदी से अधिक ग्रामीणों के आपसी खातों को ही अलग अलग नहीं किया गया है। वहीं कई किसान तो सहमति के बावजूद मल्कियत के रकबे को अलग अलग हिस्सों में विभाजित करने के लिए पांच से छह साल से चक्कर लगा रहे हैं।*



भिवानी। आयोजित मीटिंग में उपस्थित पार्टी के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## इनेलो के शासनकाल में हुए थे किसानों के कर्ज माफ: मंजूरा

हरिभूमि न्यूज,भिवानी

परशुराम धर्मशाला में मंगलवार को इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के किसान सेल और अनुसूचित जाति (एससी) प्रकोष्ठ की एक संयुक्त जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आगामी रणनीति और संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता किसान सेल के जिला अध्यक्ष अजीत बड़ेसरा और एससी सेल के जिला अध्यक्ष सुभाष धानक ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान दीपक वाल्मीकि को एससी सैल का प्रदेश संगठन सचिव नियुक्त किया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे किसान सेल के प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह मंजूरा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आज प्रदेश का किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि चौ. देवीलाल ने हमेशा किसानों को अपनी प्राथमिकता बनाया। इस मौके पर अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर पहलवान ने अनूसचित जाति वर्ग की भागीदारी पर जोर दिया। प्रदेश प्रभारी वेद सिंह मुंडे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का आधार उसका जमीनी कार्यकर्ता है। इस मौके पर इनेलो के जिला अध्यक्ष अशोक ढाणीमाहु ने स्थानीय स्तर पर संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी।

**यह रहे मौजूद**

इस अवसर पर कृष्ण मिताथल, अनिल बागनवाला, दीपक वाल्मीकि, विक्रम , कपूर निगाना, आनंद थानेदार, रतिराम, विजेंद्र दुहन, हरकेश नागर, दीपक बागड़ी, लीला, बिजेंद्र बुढ़ेड़ा, राहुल, आशा ग्रेवाल, महेंद्र बागड़ी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जागरूकता** नेत्रहीनों एवं बधिर दिव्यांगजनों के लिए असिस्टिव टेक्नोलॉजी सेमिनार

# असिस्टेंट टेक्नोलॉजी की मदद से नेत्रहीन स्मार्टफोन को आसानी से कर सकते हैं संचालित : इंद्रप्रीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

आस्था स्पेशल स्कूल में नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड नई दिल्ली के सहयोग से नेत्रहीनों एवं बधिर दिव्यांगजनों के लिए असिस्टिव टेक्नोलॉजी विषय पर विशेष सेमिनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से सशक्त, आत्मनिर्भर एवं मुख्यधारा से जोड़ना रहा। सेमिनार में एनएबी दिल्ली से आए दिव्यांग नेत्रहीन विशेषज्ञ इंद्रप्रीत ने मोबाइल एवं तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए विभिन्न एप्लिकेशनों के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि असिस्टेंट टेक्नोलॉजी की मदद से नेत्रहीन छात्र स्मार्टफोन को आसानी से संचालित कर सकते हैं।



**भिवानी।** आस्था स्पेशल स्कूल में असिस्टिव टेक्नोलॉजी विषय पर सेमिनार को संबोधित करते दिव्यांग नेत्रहीन विशेषज्ञ इंद्रप्रीत। *फोटो : हरिभूमि*

उन्होंने सुगम्य भारत ऐप, नोवा फ्लेक्स, सुगम्य पुस्तकालय और ऑर्बिट रीडर जैसे विशेष एप्लिकेशनों के उपयोग एवं महत्व पर विस्तार से चर्चा की। सुगम्य भारत ऐप के माध्यम से सरकारी योजनाएं, शिकायत निवारण तथा रेलवे, रिजर्व बैंक आदि से संबंधित सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। नोवा वैप्लिक्स ऐप में फिल्मों व वेब सीरीज को ऑडियो डिसक्रिप्शन के साथ देखने की सुविधा उपलब्ध है, जिससे नेत्रहीन बिना किसी सहारे फिल्म का आनंद ले सकते हैं। वहीं सुगम्य पुस्तकालय एप में लाखों किताबें ऑडियो एवं लार्ज प्रिंट स्वरूप में उपलब्ध हैं, जिनके लिए यूडीआईडी द्वारा पंजीकरण अनिवार्य है। ऑर्बिट रीडर तकनीक के माध्यम से प्रिंट सामग्री को ऑडियो में परिवर्तित करना भी संभव है। प्राचार्य एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा ने सांकेतिक भाषा के माध्यम से बधिर बच्चों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि आवश्यकता केवल दया के भाव को हटाकर जागरूकता और अवसर उपलब्ध करवाने की है। संस्था के संस्थापक विजय शर्मा ने कहा कि भिवानी में ऐसा पहला कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य समाज की पारंपरिक धारणाओं को बदलना व दिव्यांगजनों के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना है।

**दिव्यांग नेत्रहीन विशाल ने किया जागरूक**

दिव्यांग नेत्रहीन विशाल ने कंप्यूटर प्रणाली पर मार्गदर्शन देते हुए बताया कि नेत्रहीन बच्चे उचित मार्गदर्शन के साथ कंप्यूटर को सामान्य व्यक्तियों की अपेक्षा अधिक दक्षता से संचालित कर सकते हैं। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि दिव्यांगजनों को दया का पात्र न समझकर उन्हें समान अवसर दें। कार्यक्रम में नेत्रहीन शुभम, फूलचंद, घनश्याम, कुलदीप, श्रुति, रोहित, लक्ष्मण, विपिन, सैफ अली, विकास तथा बधिर दिव्यांग जसपाल, निखिल, हर्ष, परवीन, तनिसा, आस्था, स्नेहा, काजल व योगिता आदि ने सेमिनार से लाभ प्राप्त किया।

# सीएलजी कमेटी सदस्यों के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किया गहन मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में मंगलवार को उप-पुलिस अधीक्षक रमेश कुमार ने जिला पुलिस की ओर से गठित पुलिस-पब्लिक तालमेल समिति व कम्युनिटी लायजनिंग ग्रुप के सदस्यों के साथ जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया। बैठक के दौरान धुंध के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के तरीकों, नशे की रोकथाम के तरीकों, नववर्ष पर पुलिस सुरक्षा बढ़ाने व महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना और आमजन व पुलिस सहयोग को मजबूत करके अपराधों पर रोक लगाना रहा।

### सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदास ने उठाई सड़कों व सीवरेज की समस्याएं

**उपायुक्त व अधिकारियों को समास्याओं के समाधान को सौंपा ज्ञापन**

**भिवानी।** विभिन्न समस्याओं को लेकर भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदास कालिया ने उपायुक्त, समाधान शिविर के माध्यम से जिला प्रशासन व पीडब्ल्यूडी बीएण्डआर के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। कालिया ने बताया कि बावड़ी गेट रोड, रोहतक गेट से दादरी गेट, ढ़ाणा रोड, घंटाघर से रेलवे स्टेशन व रेलवे पुल तक, हांसी गेट से जेल तक, घंटाघर से दादरी गेट, जिला कोर्ट के आस-पास बनाए रोड के निर्माण में अनियमितता बरती गई हैं। अनियमितताओं के कारण इन रोडों पर जगह-जगह गढ़े बने हुए हैं तथा रोडों पर सफेद पट्टी नहीं लगी है।

गुप्त व यौन रोग
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
सैक्स समस्याएं ऑनलाइन सलाह लें - 9728321662
ताकत का कोर्स लें Rs.750/-
पिछले 25 वर्षों से सेवारत
जुनेजा क्लीनिक
9728321662
भिवानी रोजाना मिलें (9 am to 7 pm)
पता: 1stफ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
YouTube/Facebook पर देखें/फॉलो करें-जुनेजा क्लीनिक भिवानी